# YBN UNIVERSITY

**Established by the Act of Government of Jharkhand Act 15, 2017**
**Gazette Notification No. 505, Dated 17th July 2017**
**As per Section 2(f) of UGC Act. 1956**

No.: YBN/UNIV/DSW/161224/002 Date: 16.12.2024

## OFFICE OF DSW

### NOTIFICATION

**( State Level Talent Hunt )**

The Department of Art, Culture, Sports, and Youth Affairs, Govt. of Jharkhand, in collaboration with the State Museum, Ranchi, is organizing two-days **Talent Hunt Competition for students on 20th and 21st December 2024.** This event will encompass a variety of artistic and cultural competitions. It is requested to all Deans/Principals to encourage students to participate in the following:

1. **20th December 2024:**
   Group Dance (Folk, Classical, and Semi-Classical)
   Essay Writing (Hindi/English)
   Rangoli Competition (Solo/Group)

2. **21st December 2024:**
   Drawing Competition
   Singing Competitions (Solo/Group))

Detailed Guidelines for Participation is attached in the Enclosure

It is requested to all Deans/Principals to ensure prompt action & encourage maximum participation from your students to make the most of this opportunity. **Er. Kaushal Kishor, NSS Co-ordinator is appointed as the Nodal Officer for this event.**

*Please submit the Participation List to the undersigned by 17th December 2024.
*Participants must carry their school/college ID cards for verification.

16/12/2024

Dr. Arti Gupta
Dean Students Welfare (I/C)
YBN University, Ranchi-10

DSW (I/C)
YBN University, Ranchi - 10

Copy to:

1. PA to Vice-Chancellor
2. PA to Registrar/ CF&AO
3. Dean Academics /Deans/ Principals
4. Er. Kaushal Kishor
5. Notice Board

पत्रांक :–01 / संग्र0 / 2021–22 / ______

झारखण्ड सरकार

**पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग।**

**राज्य संग्रहालय, होटवार, राँची।**

फोन / फैक्स– 0651.2270011

सेवा में,

______________________

______________________

______________________

विषय:– स्कूल/कॉलेज/विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय प्रतिभा परख कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 20 एवं 21 दिसम्बर, 2024 सामूहिक लोकनृत्य/शास्त्रीय नृत्य/उपशास्त्रीय नृत्य, निबंध लेखन, रंगोली, गायन एवं चित्रांकन प्रतियोगिता के आयोजन सम्बंधी।

महोदय/महोदया,

पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग के तत्वावधान में राज्य संग्रहालय, होटवार, रांची में स्कूल/कॉलेज/विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय प्रतिभा परख कार्यक्रम के अन्तर्गत सामूहिक लोकनृत्य/शास्त्रीय नृत्य/उपशास्त्रीय नृत्य, निबंध लेखन, रंगोली, चित्रांकन एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता 4 (चार) श्रेणियों में होगी। प्रतियोगिता पूर्ण रूप से निःशुल्क है एवं प्रतियोगिता में भाग ले रहे विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों और शिक्षकों के लिए संग्रहालय भ्रमण निःशुल्क है।

| दिनांक | प्रतियोगिता का विवरण | आयोजन स्थल |
|---|---|---|
| 20.12.24 | सामूहिक लोकनृत्य/शास्त्रीय नृत्य/उपशास्त्रीय नृत्य | राज्य संग्रहालय,प्रेक्षागृह |
| 20.12.24 | निबंध लेखन एवं रंगोली | संग्रहालय परिसर |
| 21.12.24 | चित्रांकन | संग्रहालय परिसर |
| 21.12.24 | सामूहिक एवं एकल गायन व पुरस्कार वितरण–सह–समापन समारोह | प्रेक्षागृह |

प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए चार श्रेणी/ग्रुप होगी।

- प्रथम श्रेणी में कक्षा 01 से 03 तक के विद्यार्थी होंगे।
- द्वितीय श्रेणी में कक्षा 04 से 08 तक के विद्यार्थी होंगे।
- तृतीय श्रेणी में कक्षा 09 से 12 तक के विद्यार्थी होंगे।
- चतुर्थ श्रेणी में कक्षा 12 से उपर के विद्यार्थी होंगे।

दिनांक 20.12.24 को प्रतियोगिताएँ प्रातः 10:00 बजे राज्य संग्रहालय के सभागार एवं संग्रहालय परिसर में आरम्भ होगी। जिसका निबंधन उसी दिन प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक संग्रहालय में किया जाएगा। प्रतिभागी एक से अधिक प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के समय स्कूल/कॉलेज पहचान पत्र या डायरी लाना अनिवार्य है।

1. सामूहिक लोकनृत्य (Folk Dance)/शास्त्रीय नृत्य (Classical Dance)/उपशास्त्रीय नृत्य (Semi Classical Dance) प्रतियोगिता दिनांक 20.12.24 को प्रातः 10:00 बजे से राज्य संग्रहालय के सभागार में आरम्भ होगी। केवल सामूहिक नृत्य की प्रविष्टि ली जाएगी। समूह नृत्य के लिए अधिकतम अवधि 4 मिनट की होगी। देशभक्ति/झारखण्ड के गौरव गीतों पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियाँ ही मान्य होंगी। सामूहिक नृत्य (Group Dance) में प्रतिभागियों की अधिकतम संख्या 12 होगी। प्रतिभागी गाने को Pen Drive/ Mobile/ youtube में उपलब्ध करा सकते हैं। Pen Drive में एक ही गाना होना अपेक्षित है।

2. निबंध लेखन प्रतियोगिता दिनांक 20.12.24 को प्रातः 10:00 बजे राज्य संग्रहालय के प्रांगण में आरम्भ होगी। हिन्दी या अंग्रेजी में निबंध लेखन की अधिकतम अवधि 2 घंटे की होगी। पेपर प्रतियोगिता के समय दिये जाएंगे। प्रतिभागियों को कलम, बोर्ड इत्यादि सभी संबंधित लेखन सामग्री अपने साथ ले कर आना अनिवार्य है।

Scan
16/12/2024

Registrar
YBN University
Ranchi

YBN UNIVERSITY
ESTD-2017
RANCHI

3. रंगोली प्रतियोगिता दिनांक 20.12.24 को प्रातः 10:00 बजे राज्य संग्रहालय के प्रांगण में आरम्भ होगी, जिसकी समय सीमा 2 घंटे होगी। रंगोली बनाने के लिए सभी आवश्यक सामग्री प्रतिभागियों को अपने साथ लाना अनिवार्य होगा। रंगोली एकल अथवा समूह में बनाया जा सकता है। समुह में प्रतिभागियों की अधिकतम संख्या 05 होगी।

4. गायन प्रतियोगिता दिनांक 21.12.24 को प्रातः 10:00 बजे राज्य संग्रहालय के सभागार में आरम्भ होगी। गायन की अधिकतम अवधि 3 मिनट की होगी। लोकगीत/गैर फिल्मी गीत/देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियाँ मान्य होंगी। सामूहिक गायन में प्रतिभागियों की अधिकतम संख्या 12 होगी।

5. चित्रांकन प्रतियोगिता दिनांक 21.12.24 को प्रातः 10:00 बजे राज्य संग्रहालय के प्रांगण में प्रारम्भ होगी, जिसकी समय सीमा 3 घंटे की होगी। ड्राइंग पेपर प्रतियोगिता के समय संग्रहालय प्रशासन की ओर से दिये जाएंगे। प्रतिभागियों को पेन्सिल, रबर, रंग तथा ड्राइंग बोर्ड इत्यादि सभी संबंधित सामग्री अपने साथ ले कर आना अनिवार्य है।

राज्य संग्रहालय, होटवार, रांची द्वारा प्रतिभागियों के आवागमन हेतू परिवहन व्यवस्था उपलब्ध करायी जाएगी। सभी प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडली का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा। प्रत्येक प्रतियोगिता में अलग–अलग श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार के अलावा दो सान्तवना पुरस्कार के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण–पत्र प्रदान किया जायेगा।

पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 21.12.24 को अपराह्न् 2:30 बजे राज्य संग्रहालय के सभागार में प्रारंभ होगा। सभी स्कूल/कॉलेज/विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों तथा संस्था से आग्रह किया जाता है कि अपनी प्रतिभागिता के सम्बन्ध में आयोजक को दिनांक 17.12. 2024 तक इ–मेल या दूरभाष द्वारा जानकारी दें, ताकि आयोजन के लिए यथोचित व्यवस्था की जा सके। विशेष जानकारी के लिए राज्य संग्रहालय, राँची के दूरभाष संख्या– 0651.2270011, 8294559574 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

विश्वासभाजन

शिवेन्द्र कु0 सिंह
संग्रहालयाध्यक्ष,
राज्य संग्रहालय, राँची

Registrar
YBN University
Ranchi

YBN UNIVERSITY
ESTD-2017
RANCHI